
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 05.12.2022 से 11.12.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## वर्ष 2023–24 वित्त प्रबंधन एवं बजट विमर्श

**(दिनांक 05.12.2022)**

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला में हरियाणा विधानसभा द्वारा अयोजित राज्य वित्त प्रबंधन एवं बजट पर विमर्श कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2023–24 राज्य का बजट हर वर्ग के कल्याणार्थ होगा।

बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, पर्यावरण इत्यादि क्षेत्रों पर मुख्य रूप से फोकस होगा। सभी हितधारको से परामर्श कर अच्छा और संतुलित बजट लेकर आएंगे।

गत 8 वर्षों से उन्हें बजट से संबंधित सभी प्रकार की गतिविधियों को समझने का मौका मिला। हालांकि, पिछले 3 वर्षों से वित्त मंत्री के तौर पर बजट पेश करने से लेकर कई प्रकार के अनछुए पहलूओं को जानने का मौका मिला। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से विधायकों को भी बजट की विस्तृत



# साप्ताहिक सूचना पत्र




जानकारी समझने का अवसर मिलेगा। इससे राज्य का बजट अच्छी तरह से तैयार करने में मदद मिलेगी और अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय बजट बनेगा।

मुख्यमंत्री जी ने विधायकों से अनुरोध किया कि वर्ष 2023– 24 के बजट पेश करने में 3 माह का समय है, इस अवधि के दौरान विधायक अपने –अपने क्षेत्रों में होने वाले कार्यों की सूची सरकार से सांझा करें ताकि उनके सुझावों व उनकी मांगों को बजट में सम्मिलित किया जा सके।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा की आर्थिक स्थिती अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है प्रदेश का राज्य सकल घरेलू उत्पाद के अनुरूप तय सीमा में ही ऋण ले रही है। वर्तमान में ऋण की सीमा 3.52 प्रतिशत है, जिसे 3 प्रतिशत तक लाने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार जन कल्याण के लिए अनेक कार्य कर रही है। सरकार की आय में भी हर वर्ष वृद्धि हो रही है और उतना ही सरकार जनता के कल्याण के लिए खर्च भी कर रही है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र



राज्य सरकार ने बजट को कल्याण कारी बनाने के लिए विभिन्न स्एेक होल्डर्स से प्री – बजट परामर्श बैठकें शुरू की।

वर्ष 2020–21 का पहला बजट प्रस्तुत करने से पहले किसानों, व्यापारियों, सेवा क्षेत्र के लोगों सांसदों, विधायकों आदि से बजट पूर्व चर्चा की गई थी और उनके सुझावों को बजट में शामिल करने का पूरा प्रयास किया था। इस बार हमने बजट पर विचार – विमर्श के लिए विधायकों की 8 समितियां भी बनाईं। इनमें कुल 74 विधायक शामिल किए गए। इन समितियों को विभिन्न विभाग विचार – विमर्श के लिए दिए गए। इन्होंने बजट पर सुझाव भी दिए। व्यावहारिक सुझावों पर हमने अमल किया और संतुलित बजट तैयार किया।

विधानसभा की कार्रवाई को सुचारू ढंग से चलाने के लिए हमने कई तरह के प्रयोग किए। विधानसभा को पेपरलैस करने व विधायकों को आई.टी. ओरिएंटिड बनाने के लिए इस बार हर विधायक को बजट की प्रति एक टेबलेट में डालकर दी गई। इससे बजट के लंबे – चौड़े दस्तावेज में उन्हें कुछ सर्च करने में आसानी हो गई। साथ ही उनके समय की बचत भी हुई। उन्होंने कहा कि विधायकों के सुझावों को बजट में शामिल करने की पूरी कोशिश की जाती है और यह प्रशिक्षण सत्र हम सबके लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा ।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## यमुनानगर (लोहगढ़ और आदिबद्री) में संग्रहालय व थीम पार्क स्थापित करने हेतु बैठक

(दिनांक 06.12.2022)




**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने लोहगढ़ में संग्रहालय व थीम पार्क स्थापित करने हेतु आज संबंधित अधिकारियों और व्यक्तियों के साथ बैठक ली।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इतिहास में सुनहरे पन्नों में दर्ज बाबा बंदा सिंह बहादुर के शौर्य और बलिदान की गाथा को पुनर्जीवित करने के लिए हरियाणा सरकार भरसक प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को यमुनानगर के लोहगढ़ में लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में बनाये जा रहे संग्रहालय व थीम पार्क के डिज़ाइन को अत्याधुनिक तरीके से तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

पहले चरण में किला, मुख्य गेट तथा चारदीवारी का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महान बाबा बंदा सिंह बहादुर की राजधानी लोहगढ़ को ऐतिहासिक व पर्यटन की दृष्टि से विकसित करना राज्य सरकार की

महत्वकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में बाबा बंदा सिंह बहादुर के जन्म से लेकर अंतिम दौर तक संपूर्ण जीवन का सार दिखाया जाना चाहिए। संग्रहालय के आलावा एक शहीदी स्मारक भी बनाया जाना चाहिए, जो बाबा बंदा सिंह बहादुर के साथ शहीद हुए अनेक सैनिकों को समर्पित होगा।

इस संग्रहालय में थ्री–डी प्रोजेक्शनन, अस्त्र–शस्त्रों , पोशाकों के प्रदर्शन के अलावा विशालकाय इन्सटॉलेशन भी लगाए जाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन की कहानियों को ऑगमेंटेड रियलिटी के माध्यम से दिखाया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा बाबा बंदा सिंह बहादुर की कर्म भूमि रही है। बाबा बंदा सिंह बहादुर समाज के लिए तो संत थे, लेकिन समाज के दुश्मनों के लिए एक सिपाही थे। उन्होंने हथियार उठाए, देश की रक्षा की और सबसे पहले सिख राज्य की स्थापना करके लोहगढ़ में राजधानी बनाई। उन्होंने



कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर भारत के मुगल शासकों के खिलाफ युद्ध छेड़ने वाले पहले सिक्ख सैन्य प्रमुख थे, जिन्होंने सिक्खों के राज्य का विस्तार भी किया। समाज की भलाई के लिए उन्होंने अनेक काम किए। इसलिए हरियाणा सरकार लोहगढ़ को तीर्थाटन के रूप में विकसित करने पर जोर दे रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोहगढ़ में मार्शल आर्ट्स स्कूल भी स्थापित किया जाए। इसके लिए खेल एवं युवा मामले विभाग इस स्कूल का डिज़ाइन और मार्शल आर्ट्स कलाओं का समावेश करने के लिए अध्ययन करे। इस स्कूल में भारत के विभिन्न कोनों के परंपरागत मार्शल आर्ट्स जैसे गतखा, थांग–ता, कलारीपयट्टू इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोहगढ़ के साथ–साथ राज्य सरकार आदिबद्री को भी पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर रही है। आदिबद्री में डैम, बैराज बनाया जा रहा है। आदिबद्री का सरस्वती नदी के साथ संबंध होने के नाते यहां भी ऐतिहासिक महत्व है। इसलिए भविष्य में लोहगढ़ से लेकर आदिबद्री का क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान बनेगा। राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



# अंत्योदय परिवारों के उत्थान की एक और पहल

(दिनांक 06.12.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने राज्य में अंत्योदय परिवारों को सामाजिक व आर्थिक रूप से ऊपर उठाने की एक और पहल की है जिसके अंतर्गत हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से पीजीटीव टीजीटी की भर्ती में उन अंत्योदय परिवारों को जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपये से कम है, उनको 150 अंकों की मेरिट में 50 अंक तथा जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है,उनको मेरिट में 40 अंक दिए जायेंगे। प्राइवेट स्कूलों में ऐसे अध्यापकों को 8–10 हजार रुपये मासिक वेतन मिलता है तो वहीं निगम के माध्यम से लगे टीजीटी अध्यापकों को 25000 रुपये व पीजीटी अध्यापकों को 29000 रुपये मासिक वेतन मिलेगा।

मुख्यमंत्री जी ने स्वयं निगम के माध्यम से जब उम्मीदवारों को 'डिप्लोएमेंट लेटर' देने की पेशकश की और मोबाइल पर आए एसएमएस की जानकारी उम्मीदवारों से ली तो उम्मीदवार आश्चर्य चकित हुए बिना नहीं रह सके। इस प्रकार अनुबंध आधार पर नौकरी देने की पेशकश से कुछ अध्यापकों ने मुख्यमंत्री जी की इस व्यवस्था के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि 23 नवंबर को 2075 टीजीटी और पीजीटी अध्यापकों को इसी प्रकार ऑनलाइन जॉब ऑफर लेटर प्रदान किये गए थे। इस प्रकार मात्र 26 दिनों में मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से 4144 अध्यापकों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किये जा चुके हैं जबकि 4800 से अधिक की प्रक्रिया चल रही है। अब तक आउटसोर्सिंग पॉलिसी के तहत एजेंसियों के माध्यम से अनुबंध आधार पर पहले से लगे लगभग 90 हजार से अधिक कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से समायोजित किया जा चुका है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का स्मृति दिवस

(दिनांक 06.12.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्मृति दिवस पर उन्हें कोटि–कोटि नमन किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने वंचितों व शोषितों के उत्थान हेतु आजीवन कार्य किया है। गरीबों व समाज के कमजोर तथा पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए उनके अभिनव विचार सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रदेश सरकार ने विभिन्न वर्गों के लिए अनेक कल्याण कारी योजनाएं लागू की है, ताकि अंत्योदय की भावना से समाज के कमजोर से कमजोर व्यक्ति के विकास की परिकल्पना को साकार किया जा सके। बाबा साहेब ने समाज को शिक्षा के माध्यम से सामाजिक समरसता का जो संदेश दिया था, उस पर हमें आगे बढ़ना चाहिए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस'

(दिनांक 07.12.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' के अवसर पर भारतीय सेनाओं व देशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि एक सैनिक विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में अपने पराक्रम से देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने के प्रति सदैव तत्पर रहता हैं।

उन्होंने जवानों के अदम्य साहस व षौर्य को नमन करते हुए कहा कि हरियाणा में सैनिकों की वीरता व बलिदान की लंबी परंपरा रही है।

आजादी से पहले व आजादी के बाद, हरियाणा के रणबांकुरों ने देश की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में जिस प्रकार से हमारे वीर जवानों ने विपरीत परिस्थितियों में वीरता का परिचय देते हुए घुसपैठियों को सीमा पार खदेड़ा, उससे पूरे विश्व ने भारतीय सेना का लोहा माना। मुख्यमंत्री जी ने केंद्र सरकार की दूरदर्शी योजना अग्निपथ का जिक्र करते हुए कहा कि उक्त योजना देश की सेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए युवाओं को एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि योजना को लेकर प्रदेश के युवाओं में विशेष उत्साह है।

मुख्यमंत्री जी ने सभी लोगों से 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष' में उदारता से योगदान देने की अपील करते हुए कहा कि इसका उपयोग उन बहादुर सैनिकों के आश्रितों के पुनर्वास और कल्याण में किया जाता है जो देश सेवा करते हुए शहीद हो जाते है या शारीरिक रूप से अशक्त हो जाते है।

उन्होंने कहा, झंडा दिवस देशवासियों को इस दायित्व को निभाने का अवसर देता है जिसमे प्रत्येक देशवासी अपनी स्वेच्छा व अपने सामर्थ्य अनुसार देश के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण और पुनर्वास की योजनाओं में अपना योगदान दे सकता है।

# आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा एक दिवसीय कर संवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 07.12.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी गुरुग्राम में आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा हरियाणा टैक्स बार एसोसिएशनों के सहयोग से प्रदेश में पहली बार आयोजित किए गए एक दिवसीय कर संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिकरत की। इस दौरान हरियाणा टैक्स बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों के साथ टेक्स संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में टैक्स करदाताओं व







अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए जीएसटी ट्रिब्यूनल बनेगा, जिसके आगामी मार्च तक शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए जीएसटी काउंसिल को सिफ़ारिश की जा चुकी है। मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की कि जीएसटी संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए हिसार व गुरुग्राम में 2 जॉइंट ईटीसी रेंज अपील कार्यालय खोले जायेंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा स्टेट टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा करनाल की टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान के

अलावा अधिवक्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने टैक्स को लेकर आ रही समस्याओं को मुख्यमंत्री से सांझा किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में जीएसटी संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए करदाताओं, अधिवक्ताओं व आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों को सांझा मंच प्रदान करते हुए मंडल स्तर पर जीएसटी आमने–सामने शुरू किया जाएगा।

षुरुआती स्तर पर इसे प्रदेश के सभी 6 मंडलों–अंबाला, करनाल, रोहतक, हिसार, गुरुग्राम, फरीदाबाद में शुरू किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक माह में एक बार करदाता, टैक्स अधिवक्ता व अधिकारी मिलकर टैक्स संबंधी समस्याओं का निवारण करेंगे। इसके अलावा, मुख्यमंत्री जी ने जीएसटी के लिए वॉलंटरी रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा देने का आह्वान किया और कहा कि एक साल में सर्वाधिक रजिस्ट्रेशन करवाने वाले तीन अधिवक्ताओं को



सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने अपने संबोधन में टैक्स अधिवक्ताओं द्वारा रखी गई मांग को ध्यान के रखते हुए प्रदेश के प्रत्येक जिला में टैक्स संबंधी विषयों से जुड़ी पुस्तकों की लाइब्रेरी खोलने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि ये लाइब्रेरी डीआईटीसी कार्यालय परिसर में खोली जाएगी। टैक्स अधिवक्ताओं को सेतु की संज्ञा देते हुए कहा कि सरकार की कर संग्रहण प्रकिया में टैक्स अधिवक्ता एक सेतु की तरह है, जो करदाताओं की कठिनाइयों का निवारण करने के साथ ही सरकार के खजाने को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## नीति आयोग के साथ बैठक

(दिनांक 07.12.2022)



**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री सुमन बेरी जी के साथ दिल्ली के हरियाणा भवन में मुलाकात की। आयोग के उपाध्यक्ष श्री सुमन बेरी ने राज्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्नति के मामले में हरियाणा देश के राष्ट्रीय स्तर के मानकों से ऊपर है।

बैठक के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से रूबरू होते हुए नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने इस वर्ष 15 अगस्त को देशवासियों का मार्गदर्शन करते हुए सन 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य दिया है।

उन्होंने कहा कि अगर भारत को विकसित होना है तो हर राज्य को आगे



बढ़ना होगा। देश के प्रत्येक राज्य को आगे बढ़ने की योजना तैयार करनी होगी और इस विषय में आज हरियाणा राज्य की नीतियों व कार्यक्रमों का विश्लेषण करने पर पाया गया कि हरियाणा इस दिशा में काफी आगे है।

उन्होंने कहा कि आगे चलकर भारत के अन्य प्रांतों की तरह हरियाणा में भी जलवायु परिवर्तन, पानी की उपलब्धता आदि की चुनौती रहेगी। इन सब विषयों पर हरियाणा की कार्य योजना क्या होनी चाहिए, इस पर आज की बैठक में विचार विमर्श हुआ है। उपाध्यक्ष जी ने कहा कि एक अर्थशास्त्र के विशेषज्ञ होने के नाते वे दिल्ली तथा एनसीआर में पड़ने वाले राज्यों का विश्लेषण करते रहे हैं और उसमें पाया है कि हरियाणा में काफी तरक्की हुई है। हरियाणा आर्थिक रूप से संतुलित है, जिसका मतलब है कि यहां कृषि भी है, उद्योग भी और आईटी भी है। हरियाणा में रोजगार की ज्यादा समस्या नहीं है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नीति आयोग देश का और सभी राज्यों का आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन करता है। आयोग द्वारा राज्यों को दायित्व देने के साथ राज्य में लागू की जा रही नीतियों व कार्यक्रमों का विश्लेषण किया जाता है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जैव विविधता पार्क व झील परियोजना की शुरूआत

(दिनांक 08.12.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरुग्राम जिला के 3 गांवों दमदमा, खेड़ला और अभयपुर में लगभग 420 एकड़ में जैव विविधता पार्क का निर्माण होगा और लगभग 80 एकड़ में दमदमा झील का पुनः निर्माण किया जाएगा। इस वृहद परियोजना की शुरुआत हरियाणा के मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने की। यह परियोजना गुरूजल, हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट तथा ई वाई फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की जाएगी।

इसके लिए मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय राज्य मंत्री की उपस्थिति में उपायुक्त श्री निशांत कुमार यादव, जो गुरूजल के चेयरमैन हैं और हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के संयुक्त सचिव भी हैं, ने ई वाई फाउंडेशन के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस मौके पर गांव दमदमा में आयोजित कार्यक्रम में जैव विविधता पार्क व दमदमा झील के पुर्न निर्माण की परियोजना के अलावा गुरूजल की पानी संरक्षण के लिए चलाई जा रही गतिविधियों पर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसका मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय राज्य मंत्री ने अवलोकन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार इस



# साप्ताहिक सूचना पत्र




क्षेत्र को पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए पर्यत्नशील है। मुख्यमंत्री जी ने पानी की बचत करने का सभी से आह्वान करते हुए कहा कि हमें उपलब्ध पानी का प्रबंधन करके इसका सदुपयोग करना है, अन्यथा भावी पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि भूमिगत जल स्तर निरंतर नीचे गिरता जा रहा है और भविष्य में पानी की किल्लत झेलनी पड़ेगी। इसलिए सभी को जागरूक होकर पानी की बचत और संचयन में अपनी भागीदारी करनी है। मुख्यमंत्री जी ने ई वाई फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि यह कंपनी इस प्रोजेक्ट पर स्वेच्छा से 70 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। उन्होंने बताया कि कंपनियों को अपना सीएसआर फंड सही ढंग से सामाजिक कार्यों में खर्च करने को प्रेरित करने के लिए हमने हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट बनाया है। पिछले एक वर्ष में कंपनियों ने इस ट्रस्ट के माध्यम से प्रदेश में 542 करोड़ रुपये सीएसआर के खर्च किए हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जी के साथ बैठक

(दिनांक 08.12.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी के साथ हरियाणा भवन बैठक बैठक की। बैठक में अरावली को हरा भरा बनाने, नजफगढ़ ड्रेन के साथ गुरुग्राम जिला में हो रहे जलभराव की समस्या से किसानों को निजात दिलाने तथा गुरुग्राम व नूह जिलों में बड़ी जंगल सफारी विकसित करने के विषयों पर बातचीत हुई।

उन्होंने बताया कि इस विषय पर हरियाणा सरकार और दिल्ली सरकार को साथ लेकर जलशक्ति मंत्रालय को शामिल करते हुए एक कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी की देखरेख में नजफगढ़ ड्रेन में पानी का प्रवाह ठीक करने के लिए उसकी सफाई का कार्य किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री जी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हरियाणा के गुरुग्राम तथा नूह जिलों में बड़ी सफारी बनाने का काम हो रहा है। सफारी बनाने की प्लान स्वीकृत हो गई है, अब केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद उस पर कंपनसेटरी अफॉरेस्टेशन अर्थात क्षतिपूर्ति पौधारोपण का पैसा आएगा। उसकी जमीन की किस्म दर्ज करने, उसका एकत्रीकरण करना आदि ऐसे सारे विषयों की तथ्यात्मक जानकारी के बारे में आज की बैठक में चर्चा हुई है। अरावली पर्वत श्रृंखला के महेंद्रगढ़ जैसे जिलों में हिस्से को कैसे हरा भरा रखा जाए, उस पर पौधारोपण कैसे किया जाए, इस पर भी मुख्यमंत्री जी के साथ चर्चा हुई है।



# सोनीपत में जनसंवाद कार्यक्रम

(दिनांक 09.12.2022)



**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने सोनीपत में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार की बात भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भ्रष्टाचार करने वालों पर सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए, लापरवाही करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी ने 400 शिकायतों को सुना और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने सोनीपत एडीसी कार्यालय के एक असिस्टेंट को भी सस्पेंड किया।

जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के समक्ष लोगों ने बिल्डरों से जुड़ी शिकायत भी रखी। एक शिकायत में 700 मल्टी स्टोरी फ्लैट की एनओसी प्राप्त किए बिना कब्जा दे दिए जाने के मामले में मुख्यमंत्री ने सोनीपत डीटीपी को 7 दिन में समस्या का समाधान करने और बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 1 जनवरी से बीपीएल कार्ड बनाने का कार्य फिर से शुरू किया जाएगा। इसके साथ–साथ परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) की त्रुटियों को दूर करने व नए पीपीपी बनाए जाने के लिए कैंप लगाए जाएंगे। परिवार पहचान पत्र के लिए 10 व 11 दिसंबर और 15, 16 व 17 दिसंबर को

# साप्ताहिक सूचना पत्र

प्रदेशभर में अलग–अलग जगह कैंप लगाए जाएंगे।

जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष व्हिसल ब्लोअर रामकुमार दहिया ने सहकारी बैंकों से जुड़ी शिकायतें रखी। मुख्यमंत्री जी ने तत्काल प्रभाव से बैंक अधिकारियों को उन शिकायतों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला उपायुक्त श्री ललित सिवाच को व्हिसल ब्लोअर रामकुमार दहिया को 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित करने के लिए कहा। इसके साथ–साथ मुख्यमंत्री जी ने एक दिव्यांग व्यक्ति को 25 हजार रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री जी ने सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। आम आदमी भी ग्राम दर्शन व नगर दर्शन पोर्टल के माध्यम से अपने क्षेत्र से जुड़ी मांग डाल सकते हैं।



# मानवाधिकार दिवस पर चिरायु स्वास्थ्य कार्ड का वितरण

(दिनांक 09.12.2022)

**प्रभाव :** मानवाधिकार दिवस पर हरियाणा के जरूरतमंद नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिकार प्रदान करने के दृष्टिगत आज मुख्यमंत्री जी ने चिरायु हरियाणा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को चिरायु कार्ड वितरित किए।

मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में अंत्योदय परिवारों के अच्छे स्वास्थ्य के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरूप शुरू की गई चिरायु हरियाणा योजना लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है।

21 नवंबर को योजना शुरू होने के बाद अब तक लगभग 1000 से अधिक लोग इसका लाभ ले चुके हैं। प्रदेश के लगभग 28 लाख अंत्योदय परिवारों को इस स्वास्थ्य योजना का लाभ मिलेगा यानि सवा करोड़ हरियाणवी इससे लाभान्वित होंगे।



मुख्यमंत्री जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिरायु कार्ड वितरण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि आज लगभग 2000 स्थानों पर चिरायु कार्ड वितरण का कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसमें लगभग 5 लाख परिवारों को यह कार्ड बांटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि चिरायु हरियाणा योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन भी कवर किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि 31



दिसंबर तक सभी 1.25 करोड़ पात्र लाभार्थियों को चिरायु कार्ड वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्वास्थ्य की दृष्टि से हरियाणा अन्य प्रदेशों से बेहतर है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत देशभर में पहला लाभार्थी भी हरियाणा से ही था। इतना ही नहीं, आयुष्मान योजना को आधार कार्ड से जोड़ने वाला भी हरियाणा पहला राज्य था। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 20 से 25,000 लोग ही इस योजना का लाभ ले पा रहे थे, लेकिन चिरायु हरियाणा योजना के अंतर्गत कार्ड प्राप्त होने के बाद प्रति माह 60 से 70 हजार नागरिकों द्वारा इस योजना का लाभ उठाने का अनुमान है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अभी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों में 1500 प्रकार की बीमारियों का इलाज मिल रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जब कोई व्यक्ति बीमार होता है तो आयुष्मान भारत या चिरायु योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा का लाभ प्राप्त करता है, लेकिन राज्य सरकार का प्रयास है कि व्यक्ति निरोगी रहे और बीमार न पड़े। इसके लिए हाल ही में कुरुक्षेत्र में भारत की राष्ट्रपति के द्वारा निरोगी हरियाणा योजना की शुरुआत की। इसके तहत प्रथम चरण में सभी अंत्योदय परिवारों का स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया जाएगा ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी का पहले से ही पता लग जाए और व्यक्ति बीमार न पड़े।

# भगवान परशुराम जयंती पर महाकुंभ का आयोजन

(दिनांक 11.12.2022)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने करनाल पहुंचकर भगवान परशुराम महाकुंभ राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्यमंत्री जी न अपने संबोधन में कहा कि संत महापुरूष किसी एक समाज या वर्ग के नहीं होते, उनकी शिक्षाओं और विचारों को आज की युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए अनेक महापुरूषों की जयंतियां सरकारी तौर पर मनाई जा रही हैं।

इसी कड़ी में आज हरियाणा गठन के 56 वर्षों के बाद भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के कोने–कोने से पहुंचे भगवान परशुराम के वंशज ब्रह्मज्ञानी गदगद हुए बिना नहीं रह सके। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 20 दिसम्बर को हिसार में महाराजा सूरसेन जयंती पर भी राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विपक्ष के राजनेता तो कभी सोच भी नहीं सकते, ऐसी–ऐसी योजनाओं पर हमने पिछले आठ वर्षों में कार्य किया है जिनकी सराहना आज अन्य प्रदेशों में हुई है। उन्होंने कहा कि मनोहर का नाम – समस्याओं का समाधान है, आप



# साप्ताहिक सूचना पत्र



समस्याएं लाईए, हम समाधान करेंगे। वर्ष 2014 में जब मैंने करनाल से पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था तो उस समय जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाई–भतीजावाद जो पहले की सरकारों में हावी थे, हमने उस समय हरियाणा एक–हरियाणवी एक का नारा दिया था और हम 8 वर्षों में उस पर खरे भी उतरे हैं। सीएम विंडो के माध्यम से करीब 12 लाख शिकायतों पर सुनवाई हुई है। इसी प्रकार जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से भी 500 से 700 शिकायतें मौके पर ही सुनी जाती हैं और समाधान निकाला जाता है। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या व दुष्कर्म जैसी घटनाएं होती हैं, हमें धर्म की रक्षा के लिए लड़ाई लडऩी होगी। आईटी के माध्यम से योजनाओं का दायरा बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय परिवारों को ऊपर उठाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत 32

हजार से अधिक परिवारों को स्वरोजगार के लिए बैंक ऋण दिलवाए हैं। जबकि पिछली सरकारों द्वारा इस बारे कभी नहीं सोचा गया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमने भाई–भतीजावाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर पारदर्शी तरीके से नौकरियां देने की पहल की है और इस कड़ी में जिन परिवारों में एक भी सरकारी नौकरी नहीं है, उनको 5 प्रतिशत अंक देने की नई योजना आरंभ की गई ताकि ऐसे परिवारों को सरकारी नौकरी मिल सके और उनकी आमदनी में बढ़ोतरी हो सके। इसी प्रकार हमने आयुष्मान भारत योजना का केन्द्र सरकार का दायरा 1 लाख 20 हजार से बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार किया है और चिरायु हरियाणा से निरोगी हरियाणा योजना बनाई है जिसके तहत इस वर्ष 1 करोड़ 25 लाख लोगों के मेडिकल टैस्ट अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी में किए जाएंगे।

इस अवसर पर उन्होंने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री जी ने भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर राजपत्रित अवकाश की घोषणा की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र



इसके अलावा, उन्होंने कैथल में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का नाम भगवान श्री परशुराम के नाम पर रखने की भी घोषणा की।

उन्होंने प्रदेश में पुजारी, पुरोहित कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा की, ताकि उन्हें एक निश्चित न्यूनतम आय प्राप्त हो सके। इसके लिए पुजारी, पुरोहित का कुशल वर्कफोर्स के हिसाब से न्यूनतम वेज रेट तय किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने यह भी घोषणा की कि पहरावर जमीन का मामले का समाधान किया गया है। पहरावर जमीन गौड़ ब्राहम्ण कॉलेज को ही मिलेगी। इसके अलावा, पिछले पैसे को माफ करने की भी घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के जुर्माना व पैनल्टी के पैसे का भुगतान नहीं करना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री जी ने गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेद कॉलेज में 100 बीएमएस सीटें मंजूर करने की भी घोषणा की। इसके अलावा, 7 विषयों में पांच–पांच यानी एमडी–एमएस कोर्स की कुल 35 सीटों की भी मंजूर करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के नाम पर डाक टिकट भी जारी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने धौलीदारों की जमीन के मामले में कहा कि जब धौलीदार काननू बना था, उस समय कानून बनाते समय अधिक ध्यान नहीं दिया गया। इसके तहत दो प्रकार की जमीनें धौलीदारों को दान में दी गई। एक तो निजी जमीनें तथा दूसरी सरकारी, पंचायती जमीनें हैं। हरियाणा सरकार ने कानून में संशोधन किया है और लगभग 1700 एकड़ निजी जमीनों को छोड़ दिया गया है और वह जमीन धौलीदारों को मिल गई है। इसके अलावा, पंचायती जमीन यदि मकान बनाने या खेती करने के लिए धौलीदार को दी गई थी, तो इस जमीन को छोड़ने के लिए भी कानून में प्रावधान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने करनाल में फुव्वारा चौक का नाम भाई मती दास–सती दास छिब्बर के नाम पर रखने की भी घोषणा की। इसके अलावा, पुराने



# साप्ताहिक सूचना पत्र




परशुराम चौक का सौंदर्यकरण करने तथा इस परशुराम चौक से गांधी चौक तक के मार्ग का नाम भगवान परशुराम मार्ग रखने की भी घोषणा की। इसी प्रकार, शहर के किसी पार्क में भगवान परशुराम की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

मुख्यमंत्री जी ने धर्मशालाओं के लिए कुल 31 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने भगवान परशुराम सेवा सदन के लिए 2000 वर्ग गज प्लॉट देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी अगर संस्थाएं प्लॉट के लिए आवेदन करेंगी तो उन्हें नियमानुसार प्लॉट दिया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने महार्षी दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आचार्य चाणक्य के नाम पर चेयर स्थापित करने की भी घोषणा की, ताकि उनके जीवन व कार्यों पर शोध हो सके। भगवान श्री परशुराम महाकुंभ राज्य स्तरीय समारोह में आए लोगों के लिए विशेष रूप से लंगर का भी आयोजन किया गया।

उन्होंने कार्यक्रम में आए हुए सर्व समाज के लोगों से आह्वान किया कि समाज वे देश की प्रगति तथा उन्नति के लिए सबको सरकार के साथ मिलकर चलना होगा, तभी सुखी समाज का निर्माण होगा।